


# कर्ज दाता की 14 लाख की गहनों पर डोली नीयत

## गहन रख कर पांच लाख लिया था कर्ज, पीड़ित ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 8 अप्रैल। विश्वास में गहन में पैसा उठा कर अमानत मे रखना अब क़र्ज़ दार के लिये अपना सामान वापस लेना ढेडी खीर साबित हो रहा है नीयत हैं किसकी कब डोल जाय कहां नहीं जा सकता। जिसका जीता जागता उदाहरण कृष्ण कुमार पटेल उम्र 32वर्ष निवासी छिरहा रामनगर हाल निवासी थाना के पीछे तिवारी कालोनी के साथ घटित हुई है।**

इस संबंध में पीड़ित कृष्ण कुमार द्वारा स्थानीय थाना अमरपाटन में श्री मती गंगा गुप्ता पति स्व संदीप गुप्ता के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि इनको मै जानता पहचानता हूं इनसे हमारा लेन देन चलता है दिनांक 14/5/18/ को पैसे की आवश्यकता थी सो संदीप गुप्ता उनकी पत्नी गंगा गुप्ता से पांच लाख रुपए दो परसेंट ब्याज मे लिया था जिसके एवज में घर के आभूषण एक सोने की चेन दो तोला एक जोडी सोने का झुमका तेरह आना एक सोने की अंगूठी छ: आना दो नग सोने की बिजली एक बरह आन दूसरी चार आना पांच नग सोने की लाकेट बारह आना आठ नग सोने का दाना दस आना दो नग चांदी की सकरी एक दीन पांव दूसरी एक पाव अठारह तोला की दो जोड़ी चांदी की पायल जिनकी कुल कीमत चौदह लाख तेरह हजार पांच सौ रूपये की आभूषण सामग्री संदीप गुप्ता के पास गहन में रखा था साथ ही स्टेट बैंक का चेक व सैंट्रल बैंक का चेक बातौर गारंटी मे दिया था दिनांक 14*6/2010को दो लाख रुपए एवं दिनांक 3/8/20/18को एक लाख नगद भुगतान किया था मुझे संदीप वा उसकी पत्नी पर



भरोसा होने वा अक्सर लेन देन करने के कारण पक्की लिखा पढी नहीं किया था वर्ष 2019मे अचानक संदीप गुप्ता की मृत्यु हो गई उनकी मृत्यु के करीब एक माह बाद मेरे द्वारा संदीप गुप्ता की पत्नी गंगा गुप्ता से कहां कि मेरा हिसाब लेन देन आपके एवं आपके पति स्व संदीप गुप्ता के साथ था लेन देन का हिसाब मेरे पास कागज में लिखा हुआ एक लाख रुपए आपका मेरे पास से निकलता है आप मेरा चेक वा आभूषण वापस कर दीजिए तब संदीप गुप्ता की पत्नी गंगा गुप्ता ने समय ना होने की बात कहते हुये बाद में आने पर सामान वा चेक वापस करने की बात कहीं उसके कुछ समय बाद तीन से चार माह बाद श्री मती गंगा गुप्ता से मिलकर सामान वा आभूषण की मांग की लेकिन उनके द्वारा फिर से बाद में आने के लिये कहां इसके बाद भी कई बार उनसे मिलकर हिसाब करने के लिये कहां जवाब मे गंगा गुप्ता द्वारा ब्याज की राशि ज्यादा बताते हुये चेक में ज्यादा राशि भरकर बाउंस कराने की धमकी दी जिससे चलते मेरे द्वारा अपना बैंक खाता बैंक मे जाकर बंद करा दिया उसके बाद भी कई बार मेरे द्वारा संबंधित के पास जाकर हिसाब करने साथ गहन में रखे जेवर वा चेक की मांग करता रहा लेकिन उनके द्वारा जेवर चेक वापस करने जगह गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया जिसके चलते दिनांक 11/2/26को लिखित में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज ली गई है। लाखों का व्यापार वा लेन देन प्रतिदिन करने वाले ऐसे व्यापारियों की नीयत में कब खोट आ जाय इसका जीता जागता उदाहरण है।

# आयकर विभाग में सुपरिंटेंडेंट बने विवेक गुप्ता, क्षेत्र में खुशी की लहर

नवभारत न्यूज



**रामनगर 8 अप्रैल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में पदस्थ जय कुमार गुप्ता के सुपुत्र विवेक गुप्ता ने आयकर विभाग में सुपरिंटेंडेंट पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 600वीं रैंक हासिल कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। उनकी इस सफलता से परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।**

बताया जा रहा है कि विवेक गुप्ता ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से यह मुकाम हासिल किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने लक्ष्य पर फोकस रखते हुए प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने उम्मीद जताई कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हुए विभाग तथा क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे। विवेक गुप्ता की इस सफलता पर उन्हें ढेरों बधाई और शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

# गैवीनाथ मंदिर में खाटू श्याम बाबा की मूर्ति हुई विराजमान

नवभारत न्यूज

**बिरसिंहपुर 8 अप्रैल। जिले के बिरसिंहपुर नगर के वार्ड नंबर 9 के निवासी पुष्पेंद्र गुप्ता के पिता रामकृष्ण गुप्ता बाबा अर्जुन प्रसाद गुप्ता के द्वारा 26 मार्च को खाटू श्याम बाबा जी की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।**

शुक्रवार 27 मार्च 2026 को खाटू श्याम बाबा जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना गैवीनाथ मंदिर में किया गया मूर्ति स्थापित कर विशाल भंडारा भी किया गया। पुष्पेंद्र गुप्ता ने बताया कि खाटू श्याम बाबा जी की मूर्ति जयपुर खाटू मकराना से लाकर गैवीनाथ मंदिर में स्थापित किया गया है नगर में खाटू श्याम बाबा की मूर्ति



विराजमान के बाद नगर व क्षेत्र में भक्तगणों में काफी खुशी व प्रसन्नता हुई है खाटू श्याम बाबा जी की मूर्ति स्थापित व शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से अर्जुन प्रसाद गुप्ता रामकृष्ण गुप्ता कृष्ण दत्त गुप्ता पुष्पेंद्र गुप्ता अनुरागा गुप्ता पवन गुप्ता सचिन अमन रत्नेश शिवम देवेश श्रवण आस्था प्रणव एवं समस्त गुप्ता परिवार समेत पत्रकार बद्री पाठक सोनू शुक्ला बधानटोला विष्णु गुप्ता संजय गुप्ता कृष्ण किशोर गुप्ता रामगोपाल केसरवानी सत्यनारायण केसरवानी महेश प्रसाद केसरवानी मनीष केसरवानी शिल्पी शालू राखी सुधीर पयासी मोनू पयासी सच्चिदानंद मिश्रा वार्ड नंबर 9 के पार्षद श्रीकांत मिश्रा व पंकज मिश्रा घनश्याम चौरसिया दीपक द्विवेदी रमेश विश्वकर्मा समेत सैकड़ो की संख्या में खाटू श्याम बाबा जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना व शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए एवं सभी ने प्रसन्नता व्यक्त कर खाटू श्याम बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया बिरसिंहपुर नगर व क्षेत्र में खाटू श्याम बाबा जी की प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना के बाद भक्तगणों में बहुत ही प्रसन्नता वह खुशी का माहौल है।

# जल स्तोत्र सेवा समागम–भक्ति, सेवा और जल संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अप्रैल। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा, नवांकुर संस्था प्राप्त्याशा लोक एवं संस्कृति प्रवर्तन समिति ककलपुर के बैनर तले, म.प्र. जन अभियान परिषद के ज़िला समन्वयक डॉ राजेश तिवारी के निर्देशन, विकासखंड समन्वयक श्रीमती ममता सिंह के मार्गदर्शन एवं सेक्टर परामर्शदाता के परामर्श से अमरपाटन विकासखंड के ताला सेक्टर क्रमांक 5 के देवाला तालाब परिसर छतुरिहा टोला में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्तोत्र सेवा समागम का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और जनसेवा के भाव के साथ संपन्न हुआ।**




कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने भाग लिया। समागम के दौरान जल स्तोत्रों का सामूहिक की साफ सफाई की गई तत्पश्चात जल स्तोत्र की पूजा की गई, साथ ही जल संवाद संगोष्ठी भी आयोजित हुई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल के महत्व को समझाना, उसके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सेवा भावना को समाज में प्रोत्साहित करना था। वक्ताओं ने जल को जीवन का आधार बताते हुए इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रमुख वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि जल ही जीवन है, रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे मोती मानस चून। समागम के अंत में उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

आयोजन ने न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया, बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का कार्य भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परामर्शदाता विश्वनाथ पटेल, परामर्शदाता रामफल पटेल, राजाराम सिंह पटेल, कोमल सिंह, रुचि सिंह, अंकिता नामदेव सेजल त्रिपाठी, प्राची सिंह, मुस्कान नामदेव, विष्णु प्रताप सिंह, प्रदीप नारायण तिवारी, गजेन्द्र राठौर, संजय सिंह, संदीप दाहिया, वीरेंद्र सिंह, प्रीती पाल, सुषमा सिंह पटेल, शास. प्राथमिक शाला के प्रधानाध्यापक एस.इस. शुक्ला भी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुदामा का श्री कृष्ण प्रेम निस्वार्थ : हजारिका महराज

नवभारत न्यूज

**कोटर 8 अप्रैल। ग्राम थथौरा में ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम दिवस था कथा व्यास श्रीमत्परमहंस हजारिया महाराज ने कथा में श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का विस्तार से वर्णन किया।**

महाराज श्री ने बताया की सुदामा का प्रेम निस्वार्थ था जीवन में बहुत सारी कठिनाइयों को झेलते हुए भी सुदामा ने अपने भक्ति भाव को नहीं छोड़ा दूसरी तरफ भगवान कृष्ण ने सुदामा की दीन दशा को देखकर द्रवित हो गए और अपने नैनों के जल से सुदामा का पाद प्रक्षालन किया सुदामा को बिना




मांगे ही भगवान ने सब कुछ दे दिया। यह कथा हमें सिखाती है सच्ची मित्रता में केवल निश्छल प्रेम और विश्वास ही महत्वपूर्ण है।धन नहीं। आज की कथा में काफी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। थथौरा सोनवारा हनुमान जी महाराज का यह धाम प्रेम और भक्ति का संगम बन गया है।

# अग्नि पीड़ितों को 7 दिन में मुआवजा दिलाने का आश्वासन

## मौके पर पहुंच कर जनप्रतिनिधि यतेंद्र सिंह व प्रशासनिक अमले क्षति जायजा लिया

नवभारत न्यूज

**नागौद 8 अप्रैल। दिनांक 7 अप्रैल की शाम लगभग 7 बजे आई तेज आंधी-तूफान के चलते शॉर्ट सर्किट होने से पिपरौखर गांव में भीषण आग लग गई।**

इस घटना में किसानों की करीब 10 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतेन्द्र सिंह मौके पर पिपरौखर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल तहसीलदार व पटवारी को



बुलाकर नुकसान का सर्वे कराया तथा एसडीएम उचेहरा से चर्चा कर प्रभावित किसानों को सात दिवस के भीतर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस अग्निकांड में प्रभावित किसानों में अशोक मिश्रा, राम जी मिश्रा, रामकेश मिश्रा, रामसेवक ढीमर, शारदा तिवारी, राजभान तिवारी और वीरेंद्र तिवारी शामिल हैं। मौके पर तहसीलदार उचेहरा ज्योति पटेल, पटवारी आशीष तिवारी, सरपंच भूपेंद्र सिंह, सरपंच सुनील सिंह, पूर्व सरपंच समीर सिंह तथा पूर्व जनपद सदस्य मनीष सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर में



### मेरी कलम मेरी कविताएं काव्य संकलन साहित्य संगोष्ठी में विमोचित

**सतना।** शब्द शिल्पी परिवार के तत्वावधान में रामलखन निगम रामायण भूषण के द्वारा लिखित पुस्तक मेरी कलम मेरी कविताएं का विमोचन संगोष्ठी सुपुत्र डॉ प्रदीप कुमार निगम की निज निवास में 5 अप्रैल को शाम 7 बजे किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शायर राजधर मिश्र हयात सतनवी ने किया, मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ बघेली साहित्यकार डॉ यू बी सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा अरुण कुमार पयासी बघेली बांधव, डा एन पी तिवारी, एस एल प्रजापति, उमेश कुमार श्रीवास्तव अमृत, उपस्थित रहे।इस अवसर पर बालमुकुंद निगम, गौरीकांत निगम, सुभाष निगम, सुशील कुमार खरे, मनीष निगम, डी.सी.श्रीवास्तव, रजनीश पांडेय, चंद्र कुमार निगम, लक्ष्मण निगम विद्वत जन और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। संचालन अनिल अयान ने किया और आभार व्यक्त डॉ. प्रदीप कुमार निगम ने किया। संगोष्ठी का आरंभ माँ सरस्वती, श्री चित्रगुप्त जी, और श्री रामलखन निगम जी की तस्वीर पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात डॉ.प्रदीप कुमार निगम ने अपने पिता जी के व्यक्तित्व एवं कर्तित्व तथा उनके साहित्यिक योगदान पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर बालमुकुंद निगम, गौरीकांत निगम, सुभाष निगम, सुशील कुमार खरे, मनीष निगम, डी.सी.श्रीवास्तव, रजनीश पांडेय, चंद्र कुमार निगम, लक्ष्मण निगम और अनिल अयान ने भी विस्तार से अपने विचार रखे।



### छठवीं पुण्यतिथि पर सूबेदार प्रदीप सिंह को समारोह पूर्वक दी गई श्रद्धांजलि

**नागौद।** विगत दिवस ग्राम शहपुर नागौद में वीर सपूत सूबेदार स्व. प्रदीप सिंह पुत्र कमलेश सिंह परिहार की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का गरिमा मयी आयोजन एसडीएम नागौद आदित्य शांडिल्य आईएएस के मुख्य आतिथ्य तथा तहसीलदार नागौद सुश्री प्रज्ञा दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत स्व. प्रदीप सिंह की स्मारक स्वरूप प्रतिमा में पुष्पाहार पूजन अर्चन व वंदन के साथ हुई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत रोली चंदन व हनुमान चालीसा भेंट करके किया गया। श्रीमती संध्या शरण श्रीवास्तव द्वारा हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी गई। श्री राम संकीर्तन में गांधी धुन सीताराम की सुंदर प्रस्तुति सुरेंद्र शर्मा के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विराजमान एसडीएम नागौद आदित्य शांडिल्य आई ए एस ने वीर बलिदानी सूबेदार प्रदीप सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा ऐसे राष्ट्रभक्त जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया हो ऐसे बलिदानी सदियों में एकाध ही पैदा होते हैं इस त्याग समर्पण का पुण्य फल है कि सूबेदार स्व. प्रदीप सिंह के बेटे सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। श्री शांडिल्य ने पिता श्री कमलेश सिंह परिहार की ओर इंगित करते हुए कहा हमें गर्व है कि आप ऐसे बलिदानी के पिता हैं। ऐसी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके आपने और पूरे परिजनों ने सच्ची श्रद्धांजलि दी है। मेरा सौभाग्य होगा की वीर सपूत प्रदीप सिंह के परिजनों के में काम आ सकूं। तहसीलदार सुश्री प्रज्ञा दुबे ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि ऐसे महान बलिदानियों के बताएं मार्ग पर चलना ही उनके प्रति श्रेष्ठ श्रद्धांजलि होगी। आप सब ने विशेष कर स्वर्गीय प्रदीप सिंह के परिजनों ने जिस प्रकार से प्रतिवर्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया है निश्चित रूप से काबिले तारीफ और प्रशंसनीय है। श्रीमती संध्या शरण श्रीवास्तव व उपस्थित जनों के द्वारा वंदे मातरम का गायन किया गया। सभी उपस्थित महानुभावों का आभार प्रदर्शन समाजसेवी ऋषिराज सिंह, गन्नू भैया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। तत्पश्चात स्वल्पाहार व जलपान की व्यवस्था की गई।

# स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन कराने पर दिया गया जोर

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 8 अप्रैल। जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में जिला भाजपा अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक सिंह, शेखर शुक्ला सहित अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्कूल चलो अभियान की रैली का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जीजीआईसी में सम्पन्न कराया गया।**

सर्वप्रथम स्कूल चलो रैली की शुरूआत मुख्य विकास अधिकारी




डीपी पाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया।सीडीओ ने कहा कि षिक्षा विकास का आधार है। सभी अभिभावक अपने बच्चों का षत प्रतिषत नामांकन कराकर सरकार के स्कूल चलो अभियान को सफ्ल बनाये। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि उत्तर प्रदेष में जब से योगी जी की सराकर बनी है सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हुआ है। आम जनमानस का सरकारी स्कूलों पर भरोसा बढा है।

स्कूल चलो अभियान रैली में विभिन्न परिषदीय मान्यता प्राप्त स्कूलों के बच्चे, शिक्षक, शिक्षिकायें, जीजीआईसी विद्यालय से होते हुए धनुष चौराहा कर्वी बाजार होते हुए रैली पुन: जीजीआईसी में समापन किया गया। इस रैली के माध्यम से 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों एवं अभिभावकों को विद्यालय में नामांकन कराने के लिए विभिन्न नारों के माध्यम से अभिप्रेरित एवं जागरूक किया गया।

# भारतीय जन मोर्चा पार्टी ने अमरपाटन थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 8 अप्रैल। भारतीय जन मोर्चा पार्टी अमरपाटन द्वारा आज दिनांक 8.04.2026 थाना प्रभारी अमरपाटन को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन 06/04/2026 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म WhatsApp पर एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के संबंध में दिया गया।**

ज्ञापन में बताया गया कि उक्त वीडियो में ब्राह्मण एवं ठाकुर समाज के प्रति अपमानजनक, अशोभनीय एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई है।

प्रतिनिधि मंडल ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित आरोपी के खिलाफ तत्काल स्त्रङ्क्र दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन के साथ वीडियो के स्क्रीनशॉट आदि प्रमाण भी संलग्न किए गए हैं।

भारतीय जन मोर्चा पार्टी ने प्रशासन से मांग की है कि समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने हेतु इस प्रकार के मामलों में कठोर कदम उठाए जाएं। डॉ एस के त्रिपाठी जी पी मनु राकेश त्रिपाठी उमाकांत दिवेदी देवरिषी द्विवेदी रामयश विश्वकर्मा अश्वनी कुमार सत्येंद्र पांडेय रामाधार पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटा ऐतिहासिक पुरानी कोतवाली का करायें सुंदरीकरण :डीएम

## तुलसी पार्क में नियमित संचालित हो फाउंटेन–डीएम, डीएम ने किया पार्कों और ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 8 अप्रैल। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित तुलसी पार्क, धुस मैदान पार्क, पुरानी कोतवाली परिसर एवं तहसील पार्क का लखनऊ से आए आर्किटेक्ट पवन सिंह एवं सुश्री देवीना अग्रवाल के साथ स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिए।**

निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम तुलसी पार्क का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने बाउंड्रीवाल की ग्रिल सहित मरम्मत कार्य कराते हुए आकर्षक थीम पर पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। बंदरों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए फाउंडेशन में जाली लगवाने के निर्देश भी दिए, जिससे पार्क की संरचना को क्षति से बचाया जा सके। उन्होंने फाउंटेन को प्रतिदिन संचालित रखने के निर्देश दिए।पार्क परिसर में स्थित स्टोर का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अधिकारी को साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह स्थान आमजन के प्रात:कालीन व्यायाम एवं मॉर्निंग वॉक हेतु उपयोग में आता है, अत: किसी भी प्रकार की गंदगी न रहने दी जाए।

उन्होंने आर्किटेक्ट से पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु विस्तृत स्टीमेट तैयार कर साडा के माध्यम से स्वीकृति हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए। पार्क के



मुख्य द्वार को आकर्षक स्वरूप में परिवर्तित कर उस पर पार्क का नाम अंकित कराने तथा पार्क में वाहनों के प्रवेश को पूर्णत: प्रतिबंधित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही फ्रंट एरिया में सुदृढ़ एवं आकर्षक फुटपाथ निर्माण कराने को कहा इसके बाद धुस मैदान पार्क का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने पार्क की दीवारों पर आकर्षक थीम आधारित पेंटिंग कराने तथा बेंचों की मजबूत एवं सुव्यवस्थित डिजाइन विकसित करने के निर्देश दिए। इस कार्य हेतु भी स्टीमेट तैयार कर स्वीकृति के लिए प्रेषित करने को कहा गया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि पार्क परिसर के समीप लग रही अस्थायी सब्जी मंडी को तत्काल हटाकर निर्धारित मंडी स्थल पर स्थानांतरित कराया जाए।इसके उपरांत पुरानी कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मार्ग के किनारे विद्युत विभाग की सामग्री पाए जाने पर संबंधित एसडीओ को तीन दिवस के भीतर सामग्री हटाने के निर्देश दिए गए, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अथवा सामग्री नहीं रखी जानी चाहिए।आर्किटेक्ट द्वारा अवगत कराया गया कि इस स्थल पर पार्क, मॉर्निंग वॉक ट्रैक, ओपन जिम के साथ-साथ कैफे एवं व्यावसायिक इकाइयों का विकास प्रस्तावित है।अंत में तहसील पार्क का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने पार्क में ओपन जिम की स्थापना के साथ-साथ हल्टी कल्चर को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए, जिससे पार्क का समग्र सौंदर्यीकरण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि इस पार्क का विकास कार्य नगरपालिका द्वारा कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराए जाएं, जिससे जनसामान्य को बेहतर एवं स्वच्छ सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।